# अध्याय 2
# अधिकारियों एवं कर्मचारियों के अधिकार और कर्तव्य
# {धारा 4 (1) (बी) (ii)}
# अधिकारियों की शक्तियां और कर्तव्यों तथा कर्मचारियों का विवरणः–

| स. क्र. | कर्मचारी / कार्यालय का नाम | पद नाम | आवंटित कार्य | अधिकार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | एनसीसी संचालनालय म.प्र. | अपर महानिदेशक | विभागाध्यक्ष | राज्य शासन द्वारा विभागाध्यक्ष को प्रदत्त समस्त अधिकार |
| 2 | एनसीसी संचालनालय म.प्र. | उप संचालक | संचालनालय एन सी सी (राज्य कोष्ठ) के कार्यालय प्रमुख तथा आहरण एवं संवितरण अधिकारी का कार्य, विभागाध्यक्ष के वित्तीय सलाहकार, स्थापना संबंधी समस्त कार्य, बजट संबंधी समस्त कार्य, अधीनस्थ कार्यालयों के वार्षिक अंकेक्षण एवं एन सी सी शिविर लेखों के अंकेक्षण का कार्य, राज्य कर्मचारियों की स्थापना संबंधी समस्त कार्य तथा विभागाध्यक्ष द्वारा सौपें गये अन्य कार्यों का संपादन सुनिश्चित कराना । | कार्यालय प्रमुख, आहरण एवं संवितरण अधिकारी तथा वित्तीय सलाहकार को प्रदत्त समस्त अधिकार |
| 3 | एनसीसी संचालनालय म.प्र. | अधीक्षक | संचालनालय एन सी सी (राज्य कोष्ठ) के समस्त लिपिकीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के कार्यों की देखभाल, समस्त कार्यालयीन कार्यों का समय पर संपादन सुनिश्चित करना, आवक–जावक शाखा से संबांधित कार्यों का नियंत्रण एवं मार्गदर्शन करना। | |
| 4 | एनसीसी संचालनालय म.प्र. एवं एनसीसी ग्रुप मुख्यालय | सहायक अधीक्षक | संचालनालय/ग्रुप मुख्यालयों के समस्त कार्यों का समय पर संपादन सुनिश्चित कराना एवं अधीनस्थ कर्मचारियों का मार्गदर्शन करना । | |
| 5 | एनसीसी संचालनालय म.प्र. | वरिष्ठ लेखा परीक्षक | संचालनालय एन सी सी (राज्य कोष्ठ) एवं अधीनस्थ कार्यालयों के वार्षिक एवं शिविर लेखों का अंकेक्षण कर ऑडिट रिपोर्ट तैयार करना एवं ऑडिट आपत्तियों का निराकरण करना । | |
| 6 | एनसीसी संचालनालय म.प्र. एवं अधीनस्थ ग्रुप मुख्यालय तथा युनिट | सहायक ग्रेड–1 | समस्त शाखाओं के कार्यों के निष्पादन में अधीनस्थ कर्मचारियों का मार्गदर्शन एवं सहायता करना । अधिकारियों द्वारा सौंपे गये कार्यालयीन कार्यों का निष्पादन कराना । समस्त अधीनस्थ स्टॉफ पर नियंत्रण रखना । समस्त शाखाओं द्वारा संपादित किये जाने वाले कार्यों का परीक्षण करना। | |
| 7 | एनसीसी संचालनालय म.प्र. एवं अधीनस्थ ग्रुप मुख्यालय तथा युनिट | लेखापाल | कार्यालयों के समस्त वित्तीय कार्यकलापों को लेखा पुस्तिका में दर्ज कर शासकीय व्यय का लेखा–जोखा रखना । वार्षिक एवं शिविर लेखों को पूर्ण कर व्यवस्थित रखना । वेतन देयक एवं अन्य संबंधित कार्य करना । वार्षिक एवं शिविर लेखों का अंकेक्षण कराना । लेखा शाखा से संबंधित अन्य सभी कार्य करना । | |
| 8 | एनसीसी संचालनालय म.प्र. | कनिष्ठ लेखा परीक्षक | संचालनालय के अधीनस्थ सभी कार्यालयों के लेखा परीक्षण में वरिष्ठ लेखा परीक्षकों की सहायता करना। | |

| स. क्र. | कर्मचारी / कार्यालय का नाम | पद नाम | आवंटित कार्य | अधिकार |
|---|---|---|---|---|
| 9 | एनसीसी संचालनालय म.प्र. एवं अधीनस्थ ग्रुप मुख्यालय तथा युनिट | सहायक ग्रेड–2 | कार्यालय प्रमुख द्वारा सौंपी गई शाखा के कार्यों का समय पर निपटान करना तथा शाखा से संबंधित दस्तावेजों/नस्तियों को व्यवस्थित रूप से रखना । | |
| 10 | एनसीसी संचालनालय म.प्र. एवं अधीनस्थ ग्रुप मुख्यालय तथा युनिट | सहायक ग्रेड–3 | कार्यालय/संबंधित शाखा का टाइपिंग का कार्य करना । वरिष्ठ कर्मचारियों के सहायक के रूप में सौंपे गये कार्यों को करना । | |
| 11 | एनसीसी संचालनालय म.प्र. एवं अधीनस्थ ग्रुप मुख्यालय तथा युनिट | वाहन चालक | कार्यालयों के शासकीय वाहनों के चालन एवं रख–रखाव का कार्य करना। | |
| 12 | एनसीसी नेवल युनिट | शिप मॉडलिंग इन्सट्रक्टर | नेवल विंग के कैडेटों को शिप मॉडलिंग संबंधी प्रशिक्षण देना । विभिन्न शिप मॉडल तैयार करना एवं तत्संबंधी प्रशिक्षण देना । | |
| 13 | एनसीसी एयर स्क्वा. युनिट | ऐरो मॉडलिंग इन्सट्रक्टर | एयर विंग के कैडेटों को एरो मॉडलिंग संबंधी प्रशिक्षण देना एवं एरो मॉडल बनाना तथा तत्संबंधी प्रशिक्षण देना । | |
| 14 | एनसीसी संचालनालय म.प्र. | दफतरी | संचालनालय में आने वाली डाक को खोलना एवं अधीक्षक को प्रस्तुत करना । अधिकारी द्वारा सौंपे गये कार्य करना । | |
| 15 | एनसीसी संचालनालय म.प्र. एवं अधीनस्थ ग्रुप मुख्यालय तथा युनिट | भृत्य | कार्यालयीन नस्तियों/दस्तावेजों का अधिकारी एवं स्टॉफ के बीच आदान–प्रदान करना। कार्यालयीन डाक/दस्तावेज के वितरण से संबंधित कार्य। अधिकारी द्वारा सौपें गये कार्यों का संपादन। | |
| 16 | अधीनस्थ युनिट | लश्कर | सैन्य भण्डार एवं युनिट के सैन्य उपकरणों को साफ तथा व्यवस्थित रखना। शिविरों के दौरान शिविर स्थल पर उपकरण आदि ले जाना, तंबू लगाना एवं शिविर के दौरान सौंपे गये अन्य कार्य करना। कमान अधिकारी द्वारा सौंपे गये अन्य संबंधित कार्य करना । | |
| 17 | एनसीसी ग्रुप मुख्यालय तथा युनिट | चौकीदार | चौकीदार के कार्यों का निष्पादन | |
| 18 | एनसीसी संचालनालय म.प्र. एवं अधीनस्थ ग्रुप मुख्यालय तथा युनिट | सफाईकर्मी | कार्यालयीन परिसर एवं भवन की साफ–सफाई करना । | |
| 19 | एनसीसी नेवल युनिट | बोटकीपर | बोट हाउस में बोट की देखभाल करना एवं कैडेटों के प्रशिक्षण कार्य के दौरान सहायक के रूप में कार्य करना । | |
| 20 | एनसीसी आर एण्ड व्ही युनिट | सैडलर / फैरियर | आर एण्ड व्ही युनिट में घोड़ों की देखभाल करना एवं उन्हें व्यवस्थित रखना । | |
| 21 | एनसीसी ऑफिसर्स मेस | कुक | एन सी सी ऑफिसर्स मेस में खान–पान की व्यवस्था करना । | |